हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 29 दिसंबर 2023

तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

11 रामलला मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा के दौरान घरों को सजाएं...



12 भगवान दत्तात्रेय का प्राकट्य उत्सव नगर में...





## खबर संक्षेप

### धान से लदा ट्रक पलटा चालक हुआ घायल



मैनपुर। नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर देवभोग मुख्य मार्ग में धुररवागुडी और बुडगेलटप्पा के बीच धान से भरी ट्रक पलट गई। जिसमें वाहन चालक को हल्का चोंटे आई है। इन दिनों लगातार भारी वाहनों के चलते नेशनल हाईवे में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ गई है।

### जमाही में मड़ई आज

**छुईहा बेलर।** ग्राम जमाही में किसान अपने उपार्जन संग्रहण के बाद वार्षिक उत्सव, गांव की देवी- देवताओं की पूजा अर्चना कर मड़ई मेला का आयोजन में खुशी मनाई जाती है। आयोजन समिति जमाही से जुड़े परमेश्वर गंधर्व, हिराधर ध्रुव, मदन ध्रुव, उमेंद ध्रुव ने बताया की 29 दिसम्बर को ग्रामवासियों की तत्वावधान में वार्षिक उत्सव मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। आयोजन सुबह 4 बजे से देव पुजन स्थापना, दोपहर से बैरक का शौर्य प्रदर्शन, होगा। वही आगंतुक अतिथियों का स्वागत सम्मान किया जायेगा।

### समस्या : दल में हाथियों की संख्या 34 बताई जा रही

# उदंती रिजर्व क्षेत्र में फिर पहुंचा जंगली हाथियों का दल, धान और मकान को पहुंचाया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र में लंबे समय के बाद एक बार फिर जंगली हाथियों के दल ने दस्तक दिया है। पिछले चार दिन पूर्व हाथियों का दल उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के रिसगांव क्षेत्र में अचानक सुबह चार बजे के आसपास दस्तक दिया और हाथियों का दल वहां से सीधे मैनपुर से लगभग 35 किलोमीटर दुर गौरगांव क्षेत्र में पहुंचा और कुछ किसानों के खलियानों में रखे धान के खरही को जमकर नुकसान पहुंचाया। वहीं कुछ घरों में तोड़फोड़ किया है जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत देखने को मिल रहा है। हाथियों के दल ने लगातार दो दिनों तक गौरगांव, शोभा क्षेत्र में विचरण करने के बाद अभी रिसगांव और गौरगांव के बीच जंगल में डेरा डाला हुआ है। सिकासार दल के नाम से जाने जाना वाले इस हाथियों के दल में 34 से 35 हाथियों की संख्या बताई जा रही है। जिसमें दो तीन शावक भी है, हाथियों के चिंघाड से ग्रामीण क्षेत्र एक बार फिर दहल उठा है।

### ग्रामीणों से जंगल की तरफ नहीं जाने की अपील



उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन ने चर्चा में बताया कि हाथियों का दल लगभग 8 से 9 माह बाद उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के तौरेंगा वन परिक्षेत्र के गौरगांव तक पहुंच चुका था और अभी रिसगांव और गौरगांव के बीच जंगल में विचरण कर रहे है। वन विभाग द्वारा लगातार लोगों को हाथी प्रभावित ग्रामों में पहुंचकर लोगों को जंगल की तरफ नहीं जाने की अपील किया जा रहा है। उन्होने बताया कि हाथियों के दल के द्वारा जो भी नुकसान पहुंचाया गया है वन विभाग के टीम मौके पर पहुंचकर निरीक्षण और पंचनामा कर रही है, विधिवत मुआवजा दिया जायेगा।



### गांव की सीमा पर युवक अलाव जलाकर सुरक्षा के लिए कर रहे है रतजगा

हाथी प्रभावित ग्रामों के आसपास के युवा शाम होते ही गांव के सीमा में अलाव जलाकर रात रातभर जागकर पहरा दे रहे है, हाथियों के गांव के तरफ आने की सूचना मिलते ही गांव के लोगों को फटाखा फोड़कर इसकी सूचना देते है साथ ही मशाल जलाकर हाथियों से बचाव का प्रयास कर रहे है।

### वन विभाग एवं हाथी मित्रदल के सदस्य लगातार कर रहे मुनादी

उदंती सीतानदी के हाथी प्रभावित ग्राम गौरगांव, धवईभर्री, माहौनाला, रिसगांव खल्लारी, नवापारा, साल्हेभाठ, चमेढ़ा, मासूलखोई, गाताबाहरा, आमझर, जोगीबिरदों, एकावरी, धोबनडीह ग्रामो में हाथी मित्रदल के सदस्य और वन विभाग के दल नितेश सारथी, बरन डोगरे, समारू नेताम, महेन्द्र कुमार, अमर डोंगरे एंव वन विभाग के अमला लगातार गांव - गांव मुनादी करवाकर लोंगों को हाथी आने की सूचना दे रहे है। साथ ही जंगल के तरफ अकेले नहीं जाने की अपील किया जा रहा है। मोबाईल में एलीफेंट ऐप के माध्यम से भी लोगों को हाथी के दल आने की सूचना मिल रही है।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही तीन मतदान अधिकारियों की वेतन वृद्धि पर लगी रोका

**गरियाबंद।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-54 राजिम के मतदान केन्द्र क्रमांक 87 के लिए मतदान अधिकारी नियुक्त किया गया था। इनमें शासकीय हाईस्कूल झरियाबाहरा के व्याख्याता तेजराम कंवर को पीठासीन अधिकारी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भाठीगढ़ के शिक्षक यशवंत बघेल को मतदान अधिकारी क्रमांक-1, शासकीय प्राथमिक शाला पोहेलपारा के सहायक शिक्षक सुनाधर मांझी को मतदान अधिकारी क्रमांक-2 एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अमलीपदर के सहायक ग्रेड-03 दिनेश पाठक को मतदान अधिकारी क्रमांक-3 ड्यूटी लगाई गई थी। इन सभी मतदान अधिकारियों को निर्वाचन के पूर्व निर्वाचन संपादन के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर माकपोल उपरांत कन्ट्रोल यूनिट को सीआरसी करने के बाद मतदान के लिए उपयोग करने के निर्देश दिये गये थे। लेकिन इन मतदान अधिकारियों द्वारा 17 नवम्बर 2023 को मतदान प्रारंभ के पूर्व मॉकपोल के पश्चात बिना सीआरसी किये मशीन को सीलबंद कर निर्वाचन कार्य में उपयोग किया गया। जो पीठासीन अधिकारियों के निर्देश पुस्तिका में दिये निर्देशों के विपरीत है। उक्त मतदान अधिकारियों द्वारा निर्वाचन संबंधित दिये गये निर्देशों का पालन न कर अपने स्तर पर बिना सीआरसी किये मतदान कार्य प्रारंभ करा दिया गया जो कि गलत है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नियमानुसार मशीन को सीआरसी करने के बाद ही सीलबंद कर मतदान कार्य प्रारंभ कराया जाना था। इस तरह उक्त कर्मचारियों द्वारा निर्वाचन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाही एवं अनुशासनहीनता बरती गई है। इनका उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत दण्डनीय है। उक्त कृत्य के विरूद्ध संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब लिया गया। संबंधित कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत जवाब समाधानयुक्ति नहीं पाये जाने के कारण उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के उल्लघंन का दोषी पाया गया है। अतः उक्त कृत्य के लिए इन कर्मचारियों का एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की अनुशंसा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

# बिचौलियों से तीन वाहन सहित 1490 बोरा धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवभोग

क्षेत्र में अवैध धान परिवहन के खिलाफ आज दूसरे दिन भी प्रशासन की कार्यवाही जारी रहा। गुरूवार को एसडीएम अर्पिता पाठक के निर्देश पर राजस्व अमला ने दहिगाव के पेशेवर धान सप्लायर खगेंद्र निधि के घर में रखे 1330 बोरा समेत 1490 बोरा धान जप्त किया है। ओडिसा सीमा से लगे तुआसमाल, नांगलदेही व देवभोग से तीन अलग - अलग पिकअप वाहन भी जप्त किया गया है।दरअसल धान उत्पादन प्रभावित इलाके के 16 गांव के किसान प्रतिनिधियो ने दहिगाव के बिचौलिए की शिकायत कर बताया था की ,लगातार उसके द्वारा ओडिसा का धान किसानों को घर पहुंच उपलब्ध कराया जा रहा है। ऐसे ही 7 किसान जब बुधवार को धान बेचने निष्टीगुड़ा खरीदी केंद्र पहुचे तो बिक्री से पहले किसानों ने हंगामा मचा दिया था। मौके पर एसडीएम पहुंच कर किसानों को जांच व कार्यवाही का भरोसा दिलाया था। आज दूसरे दिन इस आश्वासन का असर भी दिखा। एसडीएम पाठक ने आज की कार्यवाही की पुष्टि करते हुए कहा की समर्थन मूल्य खरीदी योजना को गलत तरीके से प्रभावित करने वालो की सूची बना ली गई है।लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।



### कार्रवाई से मचा हड़कंप

देवभोग अनुविभाग में जारी कार्यवाही से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।बताया जा रहा है की लगातार कार्यवाही को देखते हुए कारोबारी बैक फुट पर आ गए हैं।समर्थन मूल्य में खरीदी की कीमत व रकबा बढ़ने के बाद अवैध परिवहन को बड़े पैमाने पर अंजाम देने किराए पर लिए गए वाहनों को भी वापस करने की खबर है।

### अमलीपदर तहसील में बढ़ा कार्रवाई का दबाव

देवभोग तहसील में अब तक 3000 बोरा धान व 13 से ज्यादा वाहन जप्त किया गया है। जबकि इसी पैमाने पर अमलीपदर तहसील क्षेत्र से लगे ओडिशा सीमाओं पर धान की सप्लाई हो रही है। लेकिन यहां अब तक 80 बोरा धान भरे केवल एक खटारा पिकअप पर कार्यवाही हुआ है। आंकड़े देख जिला के अफसर भी नाराज नजर आए। कलेक्टर दौरे के बाद अब इस तहसील में कार्यवाही का दबाव बढ़ गया है। वहीं दिन भर मैनपुर अनुविभाग के राजस्व अफसर कार्यवाही करते भागते फिरते नजर आए।

पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468



**खबर संक्षेप**

### महासमुंद विधायक का किया गया स्वागत



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के साईं मंदिर खरोरा में महासमुंद विधायक राजू योगेश्वर सिन्हा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कमलेश चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, कौशल चंद्राकर, सुखनंदन धीवर, मनोज चंद्राकर, संजय साहू, जय साहू, आशीष चंद्राकर, भानू चंद्राकर, रामप्रसाद चंद्राकर, उत्तम चंद्राकर, महेंद्र सूर्यवंशी, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### नयागांव कबड्डी में खैरमाल की टीम विजेता



**सरायपाली।** विकासखंड के ग्राम नयागांव में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के साथ ओडिशा व अन्य जगहों से टीमों ने हिस्सा लिया। कबड्डी प्रतियोगिता में समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदीप साहू शामिल हुए। विशेष अतिथि के तौर पर सरपंच दीपक साहू रहे। समारोह में मुख्य अतिथि प्रदीप साहू ने कहा कि कबड्डी के खेल से शारीरिक मानसिक विकास होता है। हमेशा खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार खैरमाल को मिला, जिन्हे पुरस्कार में 5000 रुपए, द्वितीय जगदलपुर, तृतीय जलगढ़, चतुर्थ नयागांव को मिला। अतिथि ने सभी विजेता और उप विजेता को पुरस्कार प्रदान किया। कार्यक्रम में रूपानंद पटेल, सुमीत साहू कप्तान, लोकेश बीसी उपकप्तान, पंकज विश्वकर्मा, निवेश मटारी, भगवान मटारी सुरज मटारी, विक्कू प्रधान, पोयश, अमित विशाल, सुमीत भोई, रिंकेश बारीक, रोहन बारीक, रोहन बारीक, प्रहलाद यादव, सुशील मटारी, सुदाम मटारी, बलराम मटारी के साथ अन्य मौजूद रहे।

### आज 18 ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**महासमुंद।** केंद्र शासन की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से वंचित रहे पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने तथा नवाचारी योजनाओं द्वारा देश में हुए विकास कार्यों को आमजनों तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा 29 दिसंबर को जिले की 18 ग्राम पंचायतों में भ्रमण करेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत जनपद पंचायत महासमंद में 29 दिसंबर को जनपद महासमुंद के ग्राम पंचायत कौंवाझर और कौंदकेरा में सुबह 10 बजे एवं मालीडीह और लोहारडीह में दोपहर 2 बजे से शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह जनपद बागबाहरा के ग्राम पंचायत शिकारीपाली और छुईहा में प्रातः 10 बजे एवं ग्राम पंचायत कौंसरा और तुपकाबोरा में 2 बजे से, जनपद पिथौरा के ग्राम पंचायत गड़बेड़ा और सोनासिल्ली में प्रातः 10 बजे से एवं ग्राम पंचायत कसहीबाहरा और लामीडीह में दोपहर 2 बजे से, जनपद बसना के ग्राम पंचायत देवरी में 10 बजे से एवं चिमरकेल में 2 बजे तथा जनपद सरायपाली के ग्राम पंचायत नवागढ़ और बिरकोल में 10 बजे से एवं ग्राम पंचायत दर्राभाठा और बोड़ेसरा में दोपहर 2 बजे से शिविर आयोजित किए जाएंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के भ्रमण के दौरान प्रचार रथों से केंद्र शासन की विभिन्न योजनाओं को प्रसारित किया जाएगा। ग्राम वासियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया जाएगा। वर्ष-2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया जाएगा। यात्रा के दौरान केंद्र शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित हितग्राही मेरी कहानी मेरी जुबानी की थीम पर अपने अनुभव साझा करेंगे। साथ ही प्राकृतिक खेती अपनाने किसानों को प्रोत्साहित करने माटी कहे पुकार के की थीम पर स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

# नये साल का स्वागत व बीते साल की विदाई के लिए जुटेगी लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

गुजरते साल 2023 की विदाई और नया साल 2024 के स्वागत के लिए गरियाबंद जिले के पर्यटनों स्थलों में भारी भींड लगेगी अभी से पर्यटकों का आना जाना प्रारंभ हो गया है। शीतकालीन छुट्टी होने के कारण पर्यटन स्थलों में प्रतिदिन लोगों की आवाजाही बढ गई है। लेकिन खासकर 31 दिसम्बर एंव 01 जनवरी को इन पर्यटन स्थलों में भारी भींड लगती है, जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र घने जंगलो बड़े –बड़े पहाड़ों, नदी - नालो प्राकृतिक सौंदर्य से भरा क्षेत्र है। यहां थर्टी फर्स्ट एवं नए वर्ष के स्वागत करने तथा जंगलो मे प्राकृतिक सौंदर्य तथा वन्यप्राणियों को नजदीक से देखने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित ओड़िशा, आन्ध्रप्रदेश व महाराष्ट्र से बड़ी संख्या मे पर्यटक पहुचेंगे। अभी से पर्यटकों का आना - जाना प्रारंभ हो गया है 31 दिसम्बर को बड़े शहरों से बड़ी संख्या में प्राकृतिक प्रेमी पर्यटक हर वर्ष की तरह क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थल सिकासार जलाशल, देवदहरा, सोंढुर एवं उदंती सीतानदी के जंगलों में पहुंचते है और यहां रात में अलाव जलाकर नया वर्ष का स्वागत करते नजर आते है, रात 12 बजते ही पूरा क्षेत्र पटाखो की आवाज और नए वर्ष की स्वागत से गूंज उठता है। नया वर्ष का पर्व मनाने के लिये मैनपुर क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन व धार्मिक स्थलों में 31 दिसम्बर एवं 1 जनवरी को पर्यटको की भारी भीड़ लगेगी।

## आयोजनों को लेकर पर्यटन व धार्मिक स्थलों में हो रही तैयारी

### चौकसील, देवदहरा व गोड़ेनाफाल में भी पहुंचते हैं पर्यटक

उदंती सीतानदी अभ्यारण्य के भीतर प्रमुख धार्मिक स्थल चौकसील एवं देवदहरा जलप्रपात गोड़ेनाफाल मे भी बड़ी संख्या में ओड़िशा व अन्य प्रदेशो से पर्यटक पहुंचते है। यहां भी देव स्थल मे पूजा अर्चना करते है। ज्ञात हो कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण अब पहले की तरह पर्यटक उदंती अभ्यारण्य सीतानदी में नहीं पहुंचते हैं।



### प्रमुख धार्मिक स्थलों में पूजा करने पहुंचेंगे

प्रमुख धार्मिक स्थल के रूप मे माने जाने वाले पैरी उद्गम स्थल भाठीगढ़, चौकशील में भी श्रध्दालु पहुंचकर नये वर्ष के स्वागत के साथ यहां देवी देवताओ की पूजा अर्चना कर वर्ष भर सुख शांति की कामना करते है, भाठीगढ पहाड़ी केऊपर मां पैरी के मंदिर मे एक जनवरी को काफी भीड़ देखने को मिलती है तो क्षेत्र के ही सिकासार जलाशय व यहां से लगे धमतरी जिले के सोंदूर जलाशय मे भी पर्यटको की अपार भीड़ देखने को मिलती है। क्षेत्र के पर्यटन स्थल देवदहरा व सिकासार में आज भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं है पर्यटक यहां आते तो है लेकिन उन्हे जो सुविधाएं मिलनी चाहिए नहीं मिल पाती कई बार देव दहरा व सिकासार में दुर्घटनाए घट चुकी है।

## आयोजन: राधे कृष्णा मंदिर प्रांगण में शिव महापुराण का छठवां दिन

# शिव परिवार से सीखें विषमताओं के बावजूद एक साथ रहना: कृष्णा दुबे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

- श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान सहित अन्य की झांकी ने श्रद्धालुओं को मोहा

श्री सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति द्वारा राधे कृष्णा मंदिर प्रांगण में आयोजित शिवमहापुराण कथा के छठवें दिन गुरुवार को बालव्यास कृष्णा दुबे ने कहा कि आज के लोगों को विषमताओं के बावजूद एक साथ रहना शिव परिवार से सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिवमहापुराण कथा श्री सीता राम चरित्र महिमा वर्णन व हनुमानजी की बखान के बिना पूरी नहीं होती। आज कथा के दौरान श्रीराम दरबार की सुंदर झांकी ने उपस्थित लोगों को मन मोह लिया और सभी श्रद्धा से भावविभोर होते रहे।

नगर के राधे कृष्णा मंदिर प्रांगण में चल रही शिव महापुराण कथा आज बालव्यास कृष्णा दुबे ने सुंदर हरि संकीर्तन से की। उन्होंने मर्यादा की महिमा का प्रतिपादन किया। माता सीता और सूर्पनखा की मर्यादा को बताया। बालव्यास ने कहा कि हर जगह से हारे जीव को भोलेनाथ का सहारा मिलता है। धन और पैसा क्या है। धन यानी विश्वास, भगवान पैसे से नहीं विश्वास से मिलते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को भोलेनाथ को त्रिपुरारी क्यूं कहा जाता है। अन्नपूर्णा माता का चित्र कहां लगाना चाहिए। माता से भोलेनाथ भिक्षा मांगते हुए क्यूं दिखाई देते हैं, महाकाल का प्राकट्य कैसे और क्यों हुआ और अवन्तिका नाथ क्यूं कहा जाता है के संबंध में विस्तार से बताया। बालव्यास कृष्णा ने कहा कि भगवान श्री सीताराम जी के चरित्र वर्णन, हनुमानजी की महिमा बखान के बिना श्री शिवमहापुराण कथा पूर्ण ही नहीं होती।





शिव पुराण ही नहीं कोई भी कथा श्रीराम की महिमा के बिना पूर्ण नहीं होती। इसी उपलक्ष्य में आज श्रीराम सीता , लक्ष्मण, हनुमान की झांकी प्रदर्शित की गई। उन्होंने कहा कि शिव परिवार में विषमता होने पर भी सभी का आपस में प्रेम से रहना यही तो गृहस्थियों के सीखने वाली बात है। आज कथा में अपार भीड़ थी। दूर दूर से लोग आए थे। नगर से राधाकृष्ण मंदिर सर्वराकार मोहनलाल अग्रवाल, गोपाल गिरधारी ,गोविंद मोहन अग्रवाल, विनीता अरोरा,किशोर देवांगन, सालासर समिति सुन्दरकाण्ड एवं हनुमान चालीसा समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### भोलेनाथ ने माता पार्वती को सुनाई अमरकथा

पार्वती मां के पूछने पर कि आप किसके मुंड की माला पहनते हो। इस पर बाबा भोलेनाथ ने माता पार्वती की अमरकथा कथा सुनाई। अमरकथा को तोता ने भी सुन लिया। व्यासजी की पत्नी के मुंह के माध्यम से गर्भ में प्रविष्ट हुए और बाद में सुकदेवजी के रुप में प्रकट होकर कई कथाओं का वृत्तांत ऋषि मुनियों को भी बताया। बालव्यास कृष्णा ने हनुमान चालीसा, हनुमान अष्टक, बजरंग बाण , हनुमान बाहुक, हनुमान साठिका की महिमा को प्रतिपादित करते हुए इससे दुखों के निवारण का उपाय बताया।

### आज कथा का होगा समापन

संस्थापक राजू काबरा ने बताया कि आज कथा का समापन होगी। आज की कथा का समय दोपहर 1 से अपरान्ह 3 बजे होगा। इसके बाद पूर्णाहुति होगी। श्री काबरा ने कहा कि जो श्रद्धालु 6 दिन कथा नहीं सुन पाए हैं, वे सातवें दिन की कथा सुनकर पूरे शिवमहापुराण का लाभ ले सकते हैं।

## गांव में आज भी बैल गाड़ी से हो रहा काम...



मैनपुर। गांव में सुबह कड़कड़ाती ठंड के बीच मेहनत से प्रारंभ होता है आधुनिकता के दौर धीरे – धीरे कम होते बैल गाड़ी आज भी गांव में दिखाई देती है। जिसमें किसान जीवकोपर्जन के लिये सुबह से जी तोड़ मेहनत करते दिखाई देते है।

### स्वयंसेवकों को कृषि, उद्यानिकी व बागवानी की दी गई जानकारी

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको द्वारा ग्राम रूमेकेल में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस बौद्धिक परिचर्चा सत्र के दौरान बौद्धिक प्रवक्ता के रूप में आमंत्रित विजय देवांगन ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विकासखंड व जिला महासमुंद द्वारा स्वयंसेवकों को कृषि, उद्यानिकी व बागवानी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने स्वयं सेवकों को कृषि से संबंधित शासकीय योजनाओं, बीजों के प्रकार से स्वयं सेवकों को अवगत कराया। प्रभारी प्राचार्य एचएल दीवान ने कृषि के क्षेत्र में ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के बेहतर अवसर के बारे में बताया। कार्यक्रम में उपस्थित सहायक प्राध्यापक तरुण कुमार ध्रुव ने कृषि का रोजगार के अन्य क्षेत्रों से संबंध पर प्रकाश डाला। शिविर में पंचम दिवस ग्रामीणजनों एवं 51 स्वयंसेवकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## उर्वरक उपयोग गोष्ठी में उत्तम खाद की उपलब्धता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर

ग्रामीण पुस्तकालय (धीवर भवन)बस स्टैण्ड खोरपा मे इफको रायपुर तत्वावधान एवं ग्राम विकास शोध समाधान केन्द्र के सहयोग से एक दिवसीय नैनो उर्वरक उपयोग संगोष्ठी का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमे मुख्य कृषि सेवा इफको डॉ एसके सिंह,खारून शिक्षण समिति संस्थापक व समाजसेवी प्रभात मिश्र, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एपी तिवारी शामिल हुये। इस अवसर पर प्रभात मिश्र ने बताया कि इफको जो सहकारी समिती है यह कोई कंपनी नही है किसानो के अंशदान से बने यह समिती अखिल भारतीय स्तर पर कार्य करता है यह समिती बिना लाभ हानि को देखकर कार्य करती है यह सहकारी स्वामित्व की कंपनी है किसानो के भलाई के लिए कार्य करती है और किसानो को उचित योग्य जानकारी कैसे मिले इस पर कार्य करती है उन्होने कहा कि यह शोध समाधान केन्द्र क्षेत्र के विभिन्न विषयो को लेकर लोगो का जागरूक करने का कार्य रही है वही यह समिति किसानो के लिए चिन्तित है और आगे भी किसान उत्थान एवं विकास के लिए यह समिति हमेशा तत्पर है। वरिष्ठ कृषि विशेषज्ञ डॉ एस के सिंह ने बताया कि सहकारी समिति इफको की स्थापना 1967 मे किया गया था इस समिति का उद्देश्य भारतीय किसानो को कम दाम मे उच्च गुणवत्ता वाले उरर्वक को पहुंचाना है। श्री सिंह ने उपस्थित किसानो को इफको द्वारा उत्पादित नैनो यूरिया (तरल) सहित विभिन्न किस्म के उर्वरक खाद मे बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया गया। अभनपुर कृषि विस्तार विकास अधिकारी एलपी तिवारी ने किसानो को अधिक से अधिक नैनो यूरिया(तरल) की उपयोगिता को बढ़ाने की अपील की ताकि आने वाले भविष्य मे मृदा को क्षरण एवं पर्यावरण प्रदुषण से बचाया जा सके। कार्यक्रम मे विभिन्न गांवो से आये कृषको ने खेती के विषय मे सबके बीच अपना विचार रखा वही इफको रायपुर ने किसानो को उपयोगिता कीट वितरण किया। इस दौरान देवी दयाल यादव,जितेन्द्र सिंह राजपूत,दुर्गादयाल धीवर,अविनाश देवांगन,श्रीमति सरोज कुर्रे,सीएम तिवारी,शैल साहू,अमीश भारती,प्रदीप साहू,अर्जुन धीवर,दिनेश धीवर,डोमार सिन्हा,राधेश्याम साहू,प्रेम साहू,पोषण साहू,दुष्यंत पटेल,जितेन्द्र साहू सहित आसपास से किसान सैकड़ो की संख्या मे मौजूद रहे।



### मक्का-मदीना उमरा जाने वालों का किया गया स्वागत

**मैनपुर।** मैनपुर से मक्का मदीना उमरा जाने वाले लोगों का फूल माला के साथ स्वागत किया गया। मैनपुर से शेख फकरूद्दीन, यास्मिन शेख, नासिर भाई, हमीदा बाई, नजीर मोहम्मद कुरैशी पांच लोग उमरा करने रवाना हुए है। जिनका मुस्लिम समाज के लोगों ने फूल माला के साथ स्वागत किया।



## हमारी आने वाली पीढ़ी को नशे की लत से बचाने की जरूरत: संतोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

ग्राम पंचायत मुढीपानी और कुडेरादादर में जिला गरियाबंद के तत्वावधान में थाना पीपरछेडी प्रभारी के नेतृत्व में नया सवेरा नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में थाना पीपरछेडी के प्रभारी संतोष साहू ने जनता के बीच पहुंची और नशा छोड़ने के लिए लोगों को समझाइश दी। और आगे कहा कि पुलिस आम लोगों को नशा नहीं करने के लिए प्रेरित भी कर रही है। जनता को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के सामाजिक, आर्थिक व शारीरिक विकास में सबसे बड़ी बाधा है। इसी कड़ी में प्रधान आरक्षक रवि लहरें बताया कि इस कार्यक्रम हमारी आने वाली पीढ़ी को नशें से बचाना है यदि आने वाली पीढ़ी को नशा मुक्ति अभियान से जोड़ा जाए, तो इसका सार्थक परिणाम आ सकता है। सेवा निवृत्त शिक्षक व जिला लघु वनोपज समिति गरियाबंद के संचालक दयाराम नागेश ने बताया कि बच्चों को नशें से शारीरिक नुकसान, गलत संगति व दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करना आवश्यक है। उप-सरपंच कृष्णा गुप्ता ने कहा कि हर बच्चे के परिवार का कर्तव्य है बच्चे को समय-समय पर काउंसलिंग करते रहे और बच्चों की बदलती आदतों का ध्यान रखें। उन्होंने स्कूल बच्चों और ग्रामीण को नशे के दुष्प्रभाव और उससे होने वाले अपराधों के संबंध में भी अवगत कराया और नशा मुक्ति समाज के लिए संकल्पित भी किया। इस मौके पर ग्राम प्रमुख जानूराम दीवान, गोकुल राम ध्रुव, कार्तिक निषाद, महेश्वर ठाकुर, कुलेश्वर निषाद, हेमलाल, रामाधीन, रेवाराम, मुशु , बुधराम, यशवंत, बलराम, एकनाथ,घासी राम, शंकर, डायमंड, दिलेश्वर , मुक्तेश्वर दीवान, जयदीन, देवेन्द्र सहित भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।





## कोसमी में धान खरीदी जारी

**छुरा।** आदिम जाति सेवा समिति कोसमी में धान खरीदी जारी है। यहां पर किसानों से चर्चा करने पर बताया कि शासन के घोषणा अनुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी प्रारंभ हो गया है एवं 31 सौ रुपया प्रति किवंटल राशि का इंतजार है किसानों ने मांग की है कि उनकी घोषणा के अनुसार राशि प्रदान किया जाए। 2 साल के बोनस देने के लिए भी किसानों ने आभार माना। समिति द्वारा खरीदी गए धान का परिवहन की गतिविधि धीमी होने की वजह से धान खरीदी केंद्र में धान एकत्रित हो रहा है। समिति प्रभारी ने बताया कि 60 प्रतिशत ऑनलाइन और 40 प्रतिशत समिति में मैन्युअल टोकन काटा जा रहा है किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसलिए उन्हें सभी प्रकार के सुविधा प्रदान की जा रही है।

## 224 कब बुलबुल स्काउट गाइड शिविर में शामिल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर

विकासखंड के ग्राम झांकी मे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य स्तरीय चतुर्थ चरण-हीरख पंख जांच शिविर सह कब-बुलबुल का तीन दिवसीय उत्सव संपन्न हुआ । जिसमे प्राथमिक शाला बिरोदा के 23 बच्चे शामिल हुये। उत्सव मे प्रदेश के लगभग 13 जिलों के प्राथमिक स्तर के 224 कब, बुलबुल शामिल हुये। इस अवसर पर प्री एएलटी कब दीपक धुरवंशी ने बताया कि प्रा.शाला बिरोदा जिला की एकमात्र संचालित कब बुलबुल है जहाँ से अभी तक 80 बच्चो ने राष्ट्रीय गोल्डन एरो पुरस्कार प्राप्त कर चुके है। शिविर मे कब ग्रीटिंग, बड़ी सलामी, बुलबुल ट्री, चित्रकला, मॉडल मेकिंग, लाल फूल, कलरव, फैंसी ड्रेस, स्टोरी टेलिंग के अंतर्गत विभिन्न स्टोरी,नृत्य जैसे आदि गतिविधियां संपन्न हुईं। प्रतिभागी कब, बुलबुल को राज्य मुख्यालय द्वारा ट्रैक सूट उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर पर डॉ करूणा मसीह, रेणुका वर्मा, कैलाश सोनी, शैलेन्द्र कुमार मिश्रा,दानबहादुर सिंह, सरस्वती गिरिया, गौरी मौले, आरुणि दिल्लीवार, नमिता श्याम कुंवर कड़वे, किरण सिंह ठाकुर, श्रीमती मोनिका गुप्ता,लोकेश्वर साहू,मुकेश साहू सहित छात्र छात्राये मौजूद रहे।

# भगवान की सृष्टि ही ऐसी कि, दुष्ट प्रवृति वालों के घर में सज्जन पुत्र का होता है जन्म

## पं. दिलीप कुमार ने हिरण्यकश्प व भक्त प्रहलाद की कथा बताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

ग्राम चैतरा में अठावले परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। ग्राम चैतरा में 21 से 29 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत कथा हो रहा है। वाचक भागवतचार्य पंडित दिलीप कुमार त्रिपाठी ब्राम्हनडीह कोमाखान वाले ने बताया की मनुष्य को कर्म करते हुए धर्म से जुडऩा चाहिए। धर्म से मोक्ष का रास्ता निहित होता है। राजा परिक्षीत भी मोक्ष पाने के लिए भागवत कथा का श्रवण किया था। उन्होंने कथा को लेकर बताया कि भगवान की सृष्टि ही ऐसी है कि दुष्ट प्रवृति वाले घर में सज्जन पुत्र का जन्म होता है और सज्जन प्रवृति वाले लोगों के घर दुष्ट बालक का जन्म लेता है।



### आज गीता पाठ के साथ पूर्णाहूति

ग्राम चैतरा में हो रहे भागवत कथा में लगातार श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इसका सबसे बड़ा कारण जहां कथा श्रवण है वहीं पर कथाकार दिलीप त्रिपाठी के द्वारा निःसंतान लोगों को संतान प्राप्ति के लिए निःशुल्क नारियल भेंट करना है। जिसके चलते निश्चित रूप से निःसंतान दंपति की गोद भर जाती है और बच्चे के जन्म के बाद दंपति कथा में भगवताचार्य से आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। कथा में दूर - दूर से श्रद्धालु बच्चे को लेकर भगवताचार्य से आशीर्वाद लेने पहुंचते रहे हैं। अभी तक हजारो निः संतान दंपतियो के गोद मे हरे भरे हुए। 29 दिसंबर को आज गीता पाठ के साथ पूर्णाहूति कर कथा का समापन किया जायेगा। कार्यक्रम में पूरे दिन भोजन प्रसादी की व्यवस्था आयोजन कर्ता के द्वारा भंडारा रखा गया था। आयोजक कर्ता बिसरू राम साहू, पुत्र नरेंद्र कुमार साहू, चित्ररेखा, खुमन साहू, जागेश्वरी साहू, योगेश साहू, रुपेश साहू, नीलकमल उपस्थित रहे।

इसका साक्षात उदाहरण राजा हिरण्यकश्प है। जिनके घर में प्रहलाद जैस पुत्र का जन्म हुआ। दुष्ट पिता ने प्रहलाद को मारने नाना प्रकार के उपाय किये लेकिन भगवान विष्णु ने हर समय उनकी मदद की। प्रहलाद बचपन से ही भगवान विष्णु के भक्त हो गये थे लेकिन उनके पिता का इस बात से तकलीफ थी। हिरण्यकश्यप को भगवान ब्रम्हा से वरदान मिला था कि वह न तो दिन मे मरेगा और न रात में और न हथियार से मरेगा और न कोई उसे मार सकेगा। लेकिन भगवान विष्णु ने ब्रहमा के वरदान की महिमा को सम्मान करते हुए उसे भांपते हुए नरसिंग अवतार लेकर हिरण्यकश्य को दरवाजे के चौखट में अपनी गोदी में लिटाकर अपने नाखूनों से उसे फाड़कर उसे मौत के घाट उतारा।

## खबर संक्षेप

### नागपुर में आयोजित समारोह में जिले के कांग्रेसी शामिल हुए



**गरियाबंद।** भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अग्रणी एवं संघर्ष और बलिदान का इतिहास समेटे कांग्रेस पार्टी का 138 वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित हुआ। स्थापना दिवस समारोह में कांग्रेस पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे राहुल गांधी प्रियंका गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के तमाम नेता शामिल हुए। गरियाबंद जिले से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भावसींग साहू सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता नागपुर में आयोजित कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए।

### प्रीति यादव गोला फेंक में द्वितीय



**फिंगेश्वर।** 14वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह स्टेड़ियम कोटा रायपुर में 23 से 24 दिसंबर तक आयोजित हुआ। जिसमें गरियाबंद जिले एवं फिंगेश्वर विकासखंड के ग्राम पंचायत बरभाटा पोस्ट बासीन से दृष्ठि बाधित कुमारी प्रीति यादव ने 11 कैटेगरी के गोला फेंक में दूसरा स्थान प्राप्त किया एवं आगामी होने वाले एथलेटिक्स प्रतियोगिता गोवा मे छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस सफलता पर अध्यक्ष फॉर्च्यून फाउंडेशन तथा जिला पैरा एथलेटिक्स संघ महासमुंद के अध्यक्ष निरंजन साहू, सचिव तोरण यादव ने सफलता प्राप्त करने पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### वीर बाल दिवस पर आशीबाई स्कूल में हुई विचार गोष्ठी

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शासन से प्राप्त निर्देशानुसार 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य जीआर सिन्हा ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह के पुत्र साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत की याद में वीर बाल दिवस मनाया जाता है। छात्रा रीतिका कौर ने सिख धर्म के सभी गुरुओं के नामों का उल्लेख करते हुए बताया कि जोरावर सिंह और फतेह सिंह द्वारा अपना धर्म परिवर्तन नहीं करने के कारण आततायियों ने उन्हें जिंदा ही दीवार में चुनवा दिया था। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता तोषण गिरि गोस्वामी ने कहा कि भारत सदैव ही वीरों की भूमि रही है, जहां अनेक महापुरुषों ने देश, धर्म और आत्म सम्मान की रक्षा करते हुए अपना बलिदान दिया है। इस अवसर पर विवेक रहटगांवकर, आशीष देवांगन और खोमन चंद्राकर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में देवी तांडी, कुमकुम ठाकुर, खुशबू यादव, मनीषा ठाकुर का विरोध सहयोग रहा।

## आयोजन: परसदाकला, सिर्रीखुर्द में विकसित भारत संकल्प यात्रा सम्पन्न

# रामलला मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा के दौरान घरों को सजाएं व दीप जलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर



ग्राम पंचायत परसदाकला में 27 एवं ग्राम पंचायत सिर्रीखुर्द में 28 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा सम्पन्न हुए। ग्राम पंचायत चरभट्ठी में 29 दिसम्बर को पहुंचेगी।

■ विद्युत विभाग की शिकायत पर अफसर को मिली फटकार

परसदाकला, सिर्रीखुर्द कार्यक्रम में मुख्यातिथि राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू थे। विधायक विभागीय योजनाओं के राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड,उज्जवला गैस सिलेंडर , किसान सम्मान निधि ,पीएम आवास ,जलजीवन मिशन, किसान क्रेडिट कार्ड जैसे हितग्राहियों को लाभ देने सभा मंच पर अधिकारी को तलब कर रहे हैं। साथ ही आवेदित पात्र नए हितग्राही भी चयनित करने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि ये भाजपा की सरकार है, योजना औपचारिक कागज तक सीमित नहीं रहेगी। योजना धरातल तक पहुंचेगी। समयावधि में पात्रों के लिए पूरा करने की गांरटी है। यह भी कहा जिन्होंने आवेदन नहीं किया है, शिविर में रजिस्ट्रेशन करवाएँ। विधायक ने अधिकारी से पूछा ,राशन कार्ड,गैस सिलेंडर हितग्राहियों कितने दिन में मिलने का गांरटी है। अधिकारी ने बताया कि तीन से सात दिन में मिल जाएगा। आयुष्मान तुरन्त बन रहा है। वही ग्राम पंचायत सिर्रीखुर्द में विद्युत विभाग कौंदकेरा जे. ई. आदित्य वर्मा की शिकायत किसान एवं उपभोक्ता ने विधायक से शिकायत की। सही पाए जाने पर भरी सभा में फटकार लगी। आम जनता से बड़ा कोई नहीं,मैं भी नहीं। उनकी समस्या सुनें और समय रहते निराकरण करें। खाद्य विभाग, स्वागत, महिला एंव बाल विकास विभाग,कृषि विभाग विकसित भारत संकल्प यात्रा में अपनी विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया और हितग्राहियों को विधायक को बांटा। पीएचई विभाग के अधिकारी को पाइप लाइन टेस्टिंग कर क्रांकीट मरम्मत को कहा गया। किसान सम्मान निधि योजना और गैस सिलेंडर की केवायसी में अधिकारियों से उपभोक्ता को मदत करने को कहा।

**ये रहे उपस्थित**-जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता चन्द्रशेखर साहू, जनपद सभापति कीर्ति गजेन्द निषाद, नेमीचंद साहू,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष हरित ,पुर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू, पुर्व सरपंच सिर्रीखुर्द विजय कंडरा,पुर्व सरपंच बिजली मोती राम निषाद, सरपंच सिर्रीखुर्द टिकेश साहू उपस्थित थे।

### 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान लेंगे 31 सौ रुपए की दर ले रहेः रोहित

परसदा, सिर्रीखुर्द की सभा को सम्बोधित करते हुये विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेश की गरीब परिवार को पहली बार 18 लाख आवास दिया जा रहा, जिसका क्रियान्वयन शुरू हो गया है। इसे पूर्व की कांग्रेस सरकार ने रोक कर रखा था। किसानों को अटल जी की जयंती 25 दिसंबर को दो साल का बोनस, प्रति एकड़ 21 क्विंटल 31 सौ रुपए में धान खरीदी,उनका पैसा अब कुछ ही समय बाद ग्राम पंचायत में बैंक अधिकारी पहुंचाकर देगा। दीदी मन को बारह हजार सालाना देंगे,गरीब कल्याण योजना योजना जनवरी से मुफ्त में चांवला दिया जाएगा, उज्जवला योजना,पीएम विश्वकर्मा, जैसे नरेन्द्र मोदी ने दी है। वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में राममंदिर निर्माण की मार्ग प्रशस्त किया जिस रामलला मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को है। इस दिवस को गांव गली को सजाये और दीपावली की तरह दीपोत्सव मनाये। विधायक ने आम लोगों को बताया कि कुछ ही महीनों में देश के भविष्य का चुनाव है। उनको फिर देश का मुखिया प्रधानमंत्री बनाना है। विधायक ने पूछा क्या आप सबका समर्थन है सभी ने हाथ उपर उठाकर हामी भरी।

# शिक्षा का अधिकार के अंतर्गत आगामी शिक्षा सत्र में प्रवेश के लिए समय सारिणी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए प्रदेश में संचालित निजी विद्यालयों में आरटीई पोर्टल के माध्यम से भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में प्रवेश की कार्यवाही के लिए समय-सारिणी जारी कर दी है। प्रवेश प्रक्रिया का प्रथम चरण 1 मार्च 2024 से प्रारंभ होगा। संचालक लोक शिक्षण ने इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों, संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग और जिला शिक्षा अधिकारियों को प्रवेश के संबंध में समय सारिणी के अनुसार कार्य संपादित करने के निर्देश दिए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा संबंधित अधिकारियों को जारी पत्र में कहा गया है कि पूर्व में भी इस कार्यालय द्वारा प्रवेश की प्रक्रिया और ऑनलाइन पद्धति के संबंध में विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में अधिनियम के प्रावधान अंतर्गत नोडल अधिकारी की जानकारी, क्षेत्र का निर्धारण, मान्यता संबंधी कार्रवाई पूर्ण करना, आरक्षित सीटों का निर्धारण, प्रवेश एवं सूचना के लिए आवेदन प्राप्त करना, आवेदन पत्रों की समीक्षा तथा प्रचार-प्रसार, आबंटन प्रक्रिया, शुल्क की प्रतिपूर्ति व प्रक्रिया के लिए समय-सारिणी का ध्यान रखा जाए।

### एक मार्च से लेंगे छात्र पंजीयन आवेदन

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा शिक्षा के अधिकार के तहत निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार स्कूल प्रोफाइल अपडेट कार्य 1 फरवरी 2024 से 28 फरवरी तक होगा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन का कार्य 1 फरवरी से 28 फरवरी तक किया जाना है। प्रथम चरण में छात्र पंजीयन आवेदन 1 मार्च से 15 अप्रैल तक होगा। नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच 18 अप्रैल से 17 मई तक की जाएगी। लॉटरी एवं आवंटन 20 मई से 30 मई तक होगा और स्कूल में दाखिले की प्रक्रिया 1 जून से 30 जून तक की जाएगी। इसी प्रकार द्वितीय चरण में प्रवेश की प्रक्रिया 1 जुलाई से से प्रारंभ होगी। नवीन स्कूल पंजीयन आवेदन कार्य 15 जून से 30 जून तक होगा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन 15 जून से 30 जून तक किया जाएगा। छात्र 1 जुलाई से 8 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। नोडल अधिकारियों द्वारा 9 जुलाई से 15 जुलाई तक दस्तावेजों की जांच की जाएगी। लॉटरी एवं आवंटन की कार्रवाई 17 जुलाई से 20 जुलाई तक होगी। स्कूल दाखिला प्रक्रिया 22 जुलाई से 31 जुलाई तक की जाएगी।

# नशा की प्रवृति लोगों को सर्वांगीण विकास से करती है दूरः दिलीप



**फिंगेश्वर।** ग्राम पंचायत परसदाकला में फिंगेश्वर पुलिस ने नशामुक्ति अभियान चलाया । लोगो को नशे से होने वाले कारणों को बताते हए नशे पर रोक लगाने गांव में जागरूकता अभियान चलाने की अपील की। जिला गरियाबंद पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार फिंगेश्वर थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार विजयवार एवं प्रधान आरक्षक दिलीप सिन्हा ने ग्राम परसदाकला मे नशामुक्ति अभियान प्रारंभ कर कार्यक्रम के तहत बताया कि नशा की प्रवृति लोगों को सर्वांगिन विकास से दूर करती है। नशा से शरीर का नाश होता है वहीं पर धन का दुरूपयोग होता है। नशा करने वाला व्यक्ति सामाजिक जीवन मे उस सम्मान को प्राप्त नहीं करता जो सम्मान मेहनत कर ईमानदारी पूर्वक जीवन जीने वाला व्यक्ति प्राप्त करता है भले ही वह व्यक्ति गरीब क्यो न हो? नशा करने वाला व्यक्ति बीमार पड़ सकता है जिसके चलते उसके ईलाज मे बड़ी ही धन राशि खर्च होता है वहीं पर गंभीर बिमारी होने पर उसकी जान भी जा सकती है।नशा से अपराध की प्रवृति उत्पन्न होती है जिससे वह अपराध करके जेल जा सकता है। नशा करने से परिवार मे अशांति पैदा होती है जिससे उसका खुशनुमा जीवन बर्बाद हो सकता है। नशा करने वाला व्यक्ति घर से बाहर निकलता है तो वह कभी भी दुर्घटना का शिकार हो सकता है इसलिए नशा करके कभी भी वाहन नहीं चलाना चाहिए। इस प्रकार नशा को लेकर बहुत से बातो को समझाया गया और उन्हे बताया गया कि नशा छोड़ने के लिए सामाजिक संगठनो के द्वारा नशामुक्ति केन्द्रो की स्थापना की गई है जहां पर जाकर नशा से छुटकारा पाया जा सकता है।

### नशे के अवैध बिक्री पर पुलिस करेगी कार्रवाई

गांव मे किसी भी व्यक्ति के द्वारा अवैध रूप से शराब,गांजा एव अन्य नशा वाली वस्तुओं का विक्रय करता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देवे जिससे पुलिस उस व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही करेगी। नशा को लेकर गांव मे सामाजिक रूप से आप सभी जनजागरूकता अभियान चलावे एवं ग्राम को नशा से मुक्त ग्राम बनावे। इस अवसर पर सरपंच श्रीमति कांति निशाद, मोहन निशाद, रामप्रसाद साहू, विश्राम निशाद, शंकर लाल निशाद, रायसिन जांगडे, खोमन डहरिया, पुष्पेन्द्र साहू,अजय कुमार,नारायण देवांगन, कृपाचार्य साहू, टिकम निर्मलकर, विरेन्द्र ध्रुरव, भीखम ध्रुव, राजू निषाद सहित ग्राम के नागरिक उपस्थित थे।

# फणीकेश्वर नाथ महाविद्यालय में मनाया गया वीर बाल दिवस

हरिभूमि.न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



नगर के शासकीय फनिकेश्वर नाथ महाविद्यालय में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कालेज के छात्रा सहित प्रध्यापको ने अपनी उपस्थिति दी। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामूराम साहू थे। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महाविद्यालय के पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामू राम साहू थे। अध्यक्षता पूर्व मंडल मंत्री किरण सोनी ने किया तथा विशेष अतिथि के रूप में पार्षद एवं भाजपा जिला के उपाध्यक्ष डॉ मंजू हरित,पार्षद एवं जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा नरेश लहरें थे। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने खड़े होकर भारत को विकसित देश बनाने का शपथ लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामू राम साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि आज शासकीय महाविद्यालय में वीर बाल दिवस का आयोजन गरिमा पूर्ण ढंग से किया गया है जो हम सबको प्रेरणा एवं राष्ट्र रक्षा की भावना प्रदान करती है। नरेंद्र मोदी की सरकार ने सिख समाज के दसवीं धर्मगुरु गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों के शहादत में एवं उनके स्मृति में वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है जो की काफी सराहनीय है। अध्यक्षता कर रहे हैं किरण सोनी ने संबोधित करते हुए कहा कि वीर बाल दिवस की पावन अवसर पर मैं गुरु गोविंद सिंह एवं उनके दो बलिदानी पुत्रो को नमन करता हूं तथा महाविद्यालय के सभी छात्र–छात्रओं से आग्रह करता हूं कि हम सब भी राष्ट्र एवं अपनी सनातनी धर्म एवं परंपरा की रक्षा में संकल्पित रहे। पार्षद नरेश नरेश लहरे ने भी वीर बाल दिवस पर शहादत को श्रद्धांजलि दिया एवं नमन किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर श्वेता मिश्रा ने किया कार्यक्रम में महाविद्यालय के कर्मचारी छात्र–छात्रएं एवं नागरिक गण उपस्थित थे।

# विधायक ने किसानों को बोनस राशि का दिया प्रमाण पत्र

**छुईहा बेलर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में प्रदेश में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर मिले बोनस के पैसों से घर की खुशियां एंव कृषि की प्रगति में लगाने की ठान रखी है। धान बोनस मिलने की खुशी से चारो ओर उत्साह का माहौल है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, प्रदेश की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय साय को धन्यवाद दे रहें है।



सुशासन दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय बोनस भुगतान कार्यक्रम फिंगेश्वर के मंडी प्रांगण में आयोजित कर ऑनलाईन भुगतान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर राजिम क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने किसानों को बोनस राशि का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

## ग्राहक किराना सामान व पेट्रोल को राउंड फिगर में लेन-देन करने को मजबूर

# सिक्के एवं छोटे नोटों की किल्लत से आमजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



नोटों की किल्लत होने से आम नागरिक पूरी तरह परेशान है। खासकर सिक्के व 10 एवं 20 रूपये के नोटो के सजह रूप से उपलब्ध नहीं होने से बाजार मे लेन-देन में लोगों को दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। क्षेत्र के मुख्य बाजार, रसेला हटरी बाजार सहित सब्जी बाजार एवं तथा पेट्रोल पंपो मे 5 रूपये के सिक्के के साथ साथ दस- बीस रूपये के नोट की अनुपलब्धता के कारण लोगों को मुसीबतो से जूझना पड़ रहा है। उक्त सिक्के व छोटे नोट नहीं होने से लोगों को अनावश्यक रूप से एडजेस्टमेंट में जहां न चाहते हुये भी सब्जी, किराना सामान एवं पेट्रोल को राउंड फिगर में लेन-देन करना पड़ रहा है। खासकर सब्जी बाजार में तो सौ रूपये, पचास रूपये एवं पांच सौ रूपये के नोट प्रायः सभी के पास लेन-देन के दौरान होने की वजह से सब्जी विक्रेता खुदरा नोट वापस नहीं कर पा रहे हैं। फलस्वरूप लोगों को मनचाही सब्जियों के साथ साथ चिल्हर वापसी के झमेले से बचने के लिये जबरदस्ती पांच, दस व बीस रूपये के मिर्ची, धनिया, मेथी जैसे अन्य आयटम लेना पड़ रहा है। इसी प्रकार के हालात खुदरा किराना दुकानों मे भी उत्पन्न हो गए हैं जहां ग्राहको को दुकानदार से अनावश्यक रूप से चिल्हर व छोटे नोट नहीं होने की वजह से दुकानदार चाकलेट, माचिस, पीपरमेंट, शैम्पू पाउच व अन्य अनावश्यक चीजों को थमाकर हिसाब बना रहे हैं। छोटे नोटो की किल्लत के कारण सड़क मार्ग पर बस में सफर करने वालों को मजबूरी में ज्यादा पैम्स कंडक्टर को देना पड़ रहा है।

### नये नोट की नहीं हो पा रही आपूर्ति

जानकारी के अनुसार कुछ माह पूर्व से छुरा के स्टेट बैंक से चेस्ट सुविधा हटा दी गई है। जिसके फलस्वरूप क्षेत्र में नये नोट की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। फलस्वरूप दस, बीस के नये नोट बाजार मे सहजता से नहीं उपलब्ध हो रहे हैं। पुराने नोट जीण-शीर्ण हालत में हैं, वे भी गांव- गांव में धान खरीदी होने की वजह से कोचिये ले जा रहे हैं। जिससे इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### कुर्मी समाज ने विधायक साहू से मुलाकात की



**राजिम।** नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू को जीत एवं भाजपा सरकार बनने की दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज ग्राम मुड़तराई ने मुलाकात कर बधाई दी। बधाई देने वालो में ललित वर्मा, भोगाराम वर्मा,कोमल वर्मा, रामाराम, शोभा, ठाकुरराम,फगुवा, तीरथ, अशोक, टिकेश्वर, फुलेल, एलाराम, भावसिंग, टीकम, लोकेश,पोषण, कमल वर्मा, कुर्मी समाज के मीडिया प्रभारी प्रकाश वर्मा शामिल थे।

### प्रवीण बने संगठन सचिव



**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ रायपुर संभाग आईटी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दानेश साहू ने ग्राम सोंठ निवासी पत्रकार प्रवीण साहू को रायपुर संभाग प्रकोष्ठ का संगठन सचिव नियुक्त किया है। प्रवीण की नियुक्ति पर उनके शुभचिंतकों, मित्रों व परिवारजनों ने बधाई दी हैं।

### कर्राबाधिन में मड़ई कल

**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत बोडकी की आश्रित ग्राम में निर्मित नवीन भवन प्राथमिक शाला कमार पारा एंव बस्ती पारा का लोकार्पण 30 दिसम्बर को किया जायेगा। इसी दिन पांच गांव की समीति से संचालित क्षेत्र के प्रसिद्ध देवी स्थल कार्राबाधिन घने जंगल के बीच में वार्षिक धार्मिक तीर्थ मड़ई का आयोजन किया गया है। यहां बैरक उत्सव एवं बड़े बाजार होगा। लोकार्पण कार्यक्रम भी यही होंगें। जिसमें मुख्यअतिथि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र सासंद चुन्नी लाल साहू, जिला पंचायत सदस्य वरिष्ट भाजपा नेता चन्द्रशेखर साहू, संत गोवर्धन महाराज सिरकट्टी आश्रम, सरपंच बोडकी रामजी साहू होगें।

### घर में घुसकर मारपीट

**महासमुंद।** घर घुसकर मारपीट करने वाले दो लोगों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। प्रार्थी भूपेंद्र शर्मा पिता रमेश शर्मा (42 साल) निवासी इमलीभाठा ने पुलिस को बताया कि आरोपी चंदन साहू एवं क्षत्रपाल साहू वार्ड नं. 15 महामायापारा ने उसके घर घुसकर गाली गलौज करते हुए हाकी स्टिक से मारपीट की। आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 452, 34 के तहत अपराध कायम कर लिया गया है।

### घर बाड़ी से महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** महासमुंद पुलिस ने अवैध शराब बिक्री पर एक बार फिर कार्रवाई करते हुए मुखबिर के सुचना के आधार पर ग्राम परसदा(ख) कीर्तिराम दीवान पिता स्व. दाऊलाल दीवान 28 साल के घर मे छापा मारकर बाड़ी मे रखे अवैध महुआ शराब 10000 एमएल महुआ शराब कीमत 2000 रुपए एवं उसके पास रखे बिक्री रकम 950 रुपए को बरामद किया है। आरोपी को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत पुलिस हिरासत में लेकर कार्रवाई किया गया है।

### अवैध महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने पोटरपारा वार्ड 14 के कमल यादव पिता सुदर्शन यादव (45 साल) को मंडीपारा से महुआ शराब की अवैध बिक्री करते हुए पकड़ा।

# धान के बोनस का पैसा निकालने बैंक में किसानों की भारी भीड़

## दो साल का बकाया बोनस आते ही किसान पहुंच रहे बैंक

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| पाण्डुका

किसानों को दो साल का बकाया बोनस मिलने के बाद जिला सहकारी बैंक में भीड़ उमड़ने लगी है। जिसमें किसानों की संख्या देखने में लग रहा है मानो किसी गांव में मेला मड़ई लगा हो। ऐसा ही एक बार फिर बुधवार को देखने को मिला जहां बोनस का पैसा आते ही निकालने के लिए किसान सुबह से गरियाबंद पहुंच रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या किसानों को पैसे के लिए पाण्डुका से 30 किलोमीटर दूर जाने में होता है। इसमें सुबह से जो विड्रॉल जमा कर देते है उनको पैसा आसानी से मिल जाता है, तो वहीं दूसरी ओर पीछे पहुंचने वालों को दो दिन इंतजार करना पड़ रहा है। और पैसा निकालने का विड्रॉल फार्म भी नहीं मिल पाता है। पाण्डुका के 22 और गरियाबंद के 35 से अधिक गांव के किसान सहित लगभग 60 गांव के किसानों को भुगतान हो रहा है ऐसे में किसानों का मेला उमड़ रहा है।





### किसान एटीएम का नहीं कर रहे उपयोग

वहीं कई किसान एटीएम मिलने के बाद भी जबरदस्ती भीड़ बढ़ा रहे है जबकि किसानों को एटीएम से पैसा निकालने के लिए वितरण किया गया है। कई किसानों को एटीएम से पैसा निकालने नहीं आने से घर में रखकर खराब कर रहे हैं। ऐसे में भीड़ को देखते हुये उसका उपयोग करना आवश्यक है ऐसे में उसकी पैसा और समय की भी बचत होगी। किसानों के लिए सबसे बड़ी खुशी तब होगी जब किसानों को पंचायत के एक सेंटर अपने पाण्डुका में पैसा मिले। मोदी की गारंटी के तहत किसानों को दो साल का बोनस तो मिल रहा है। लेकिन अब काउंटर बनाकर किसानों को पैसा आसानी से मिले इसका इंतजार किसानों को रहेगा।

## सम्मेलन : आजादी की लड़ाई में गोस्वामी समाज का बड़ा योगदान : चुन्नीलाल

# भगवान दत्तात्रेय का प्राकट्य उत्सव नगर में धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा भगवान दत्तात्रेय का प्राकट्य उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। भगवान दत्तात्रेय का पहट 5 बजे अभिषेक किया गया। श्रृंगार होने के बाद पूजा अर्चना हुई। सत्यनारायण भगवान की कथा हुई। दोपहर 12 बजे शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें गोस्वामी समाज के लोग भगवा झंडा थाम भगवान श्री दत्तात्रेय का जयकारा लगाते हुए मंदिर से निकले। इस दौरान जगह-जगह आतिशबाजी करते हुए बैंड बाजे के साथ बस स्टैण्ड, पं. सुंदरलाल शर्मा चौक,गौरव पथ रोड से होते हुए वापस मंदिर में समापन हुआ। सामूहिक भोग प्रसाद का भी वितरण किया गया। दोपहर 2.30 बजे अतिथियों का स्वागत और भगवान के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर उदबोधन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा में राजनीति, धर्म और सामाजिक जीवन सभी में गोस्वामी समाज किसी भी स्तर से कम नहीं है। इस समाज का अहसान मेरे परिवार पर है। सनातन धर्म की रक्षा के लिए जितना इस समाज ने किया है, शायद किसी ने किया होगा। चारों शंकराचार्य इसी समाज से है। जिन्होंने धर्म की रक्षा के लिए हमेशा प्रचार किया। हर दृष्टिकोण से कहीं न कहीं समाज का उपदेश मिलता रहता है। उन्होंने कहा कि जब देश आजाद हुआ तब मणिपुर के मणिपुरी लोगों ने वैष्णव मत को स्वीकार किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाज के प्रांताध्यक्ष अशोक गिरी गोस्वामी ने कहा कि राजिम में भगवान दत्तात्रेय का मंदिर अत्यंत प्राचीन है। बहुत पहले से यहां वृहद कार्यक्रम होता चला आ रहा है। हमारे पूर्वजों के जमाने से महीने भर तक यहां बैठकें होती थी। जिसमें सामाजिक एकता को सुदृढ़ किया जाता था। समाज के गरियाबंद जिला अध्यक्ष काशीपुरी कुंदन ने स्वागत भाषण दिया तथा अतिथियों को मांग पत्र भी सौंपा। संचालन महासमुंद जिला अध्यक्ष तोषणगिरी एवं आभार समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार गोस्वामी ने किया। अतिथियों का भगवा गमछा,श्रीफल और भगवान श्री दत्तात्रेय की छाया चित्र भेंट किया गया। इस अवसर पर युवक-युवती परिचय सम्मेलन तथा प्रतिभा सम्मान का कार्यक्रम हुआ। मंच में भगवताचार्य गीता गोस्वामी का सम्मान किया गया।

■ युवक-युवती परिचय सम्मेलन तथा प्रतिभाओं का हुआ सम्मान





**अमितेश शुक्ल ने किया भगवान दत्तात्रेय का दर्शन**

पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल शाम को मंदिर प्रांगण पर पहुंचे और भगवान दत्तात्रेय का दर्शन किया। श्रीफल चढ़ाकर प्रदेश की खुशहाली की कामना किया।

### ज्ञान जहां से मिले, उसे हासिल करना चाहिए : रोहित

विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि दत्तात्रेय ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश का अंश है। तीनों के संयुक्त रूप में दत्तात्रेय की पूजा आराधना होती है। मनुष्य को जहां से ज्ञान मिले उसे प्राप्त करना चाहिए, व्यक्ति जिंदगी भर सीखता है। नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर ने कहा कि दत्तात्रेय भगवान ने 24 गुरु बनाएं थे। उन्होंने मानव जाति को संदेश दिया कि प्रत्येक मनुष्य गुरु के बिना अधूरा है। उन्हें गुरु बनाना ही पड़ता है। क्योंकि गुरु से भगवान की प्राप्ति होती है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में नगर पंचायत के सभापति पुष्पा गोस्वामी, रोशनी गोस्वामी, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे, राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू, बोधन साहू ,संरक्षक उमेश भारती, भुपेंद्र पुरी, कामेश्वर पुरी, राजरानी, अर्चना,कीर्ति,दीनदयाल पुरी, अखिलेश पुरी, गिरेंद्र, ओंकार पुरी,नारेंद, धर्मेन्द्र, लवकिशन, रिकेश साहू, रामकुमार साहू, खुशी साहू, विश्वनाथ पुरी गोसाई, हरिहर गिरी, प्रहलाद गिरी, केशव गिरी, सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

# गुरू गोविंद के पुत्रों ने देश व धर्म की खातिर दिया अपना बलिदान





**फिंगेश्वर।** आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रांगण में महिला बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग के द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी के जयंती को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय राजिम थे। कार्यक्रम में विकसित भारत कार्यक्रम को लेकर मुख्यअतिथि सहित सभी लोगों ने भारत माता की पूजा कर कार्यक्रम की शुरूवात कर विकसीत भारत की शपथ ली। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संतोश उपाध्याय ने कहा कि गुरू गोविंद के पुत्रों ने भी अपने देश एवं धर्म के खातिर अपनी जान नैवछावर किये हैं। ऐसे साहसी पुत्रों को नमन करता हूं। आज बच्चों को अपने घर परिवार के साथ साथ देश के महानविभूतियो के बारे मे जानने की आवश्यकता है। ऐसे कार्यक्रम से हम सबको प्रेरणा एवं राष्ट्र रक्षा की भावना प्रदान करती है। स्कूली बच्चे भी राष्ट्रप्रेम की भावना रखते हुए पढ़ाई लिखाई के साथ साथ साहसी एवं वीर बने। इस अवसर में विद्यालय के बच्चों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भाषण, कविता, नृत्य एवं चित्र प्रतियोगिता मे भाग लिया। जिसमें मुख्यअतिथि संतोष उपाध्याय ने प्रतिभागी बच्चों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत फिंगेश्वर के अध्यक्ष जगदीश यादव, डॉक्टर प्यारेलाल सोनकर मंडल अध्यक्ष मनीष हरित, राजू साहू, किरणेश सोनी, पार्षद मंजू लता हरित, राज बाई दीवान, नरेश लहरे, बेनी सोनवानी, सोम प्रकाश साहू, आशीष शिंदे, हरिशंकर श्रीवास्तव सहित शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# केंद्र की योजनाओं से लाभान्वित लोगों को किया गया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरूवार को ग्राम मानिकचौरी में आयोजित किया गया। इस अवसर में पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों को दो साल के बोनस मिलने से काफी राहत मिलेगी। मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में यह यात्रा मददगार साबित होगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा में विधायक इंद्र कुमार साहू ने ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक बेटा बनकर गरीब, महिला व मजदूर वर्ग के लोगों को सरकार के योजनाओं का योजनाओं का लाभ मिल सके इस दिशा में कार्य किया जाएगा, साथ ही उन्होंने कहा कि गांव के गरीब, किसानों के किसी भी कार्यों में किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाशत नहीं की जावेगी। कार्यक्रम में अन्नप्राशन, गोद भराई, उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर वितरण, अन्य योजनाओं से लाभान्वित लोगों को सम्मान किया गया।

इस दौरान इंद्र कुमार साहू विधायक अभनपुर, पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू, जनपद सदस्य सूरज साहू, जिनेश्वरी ध्रुव, किसान नेता चंद्रिका साहू, सरपंच बुद्धेश्वर साहू, पूर्व सरपंच मधुसूदन घृतलहरे, देवकी साहू, हेमलता साहू, पंडित गोविंद प्रसाद तिवारी, उप सरपंच हितेश मंडई रमेश कुमार साहू कुमार, व्यासनारायण साहू, गज्जू साहू, चेतन साहू, द्विज साहू, डागेश्वर साहू, तुलसी डीडी, मीना साहू, वनिता सेन, बाबूलाल, मनहरण चंदेल, रामावतार विश्वकर्मा, देवकी चंदेल, संतु साहू, मोहनी ध्रुव, अशोक साहू, उदय ध्रुव, रामगुलाल तारक, सत्यवती साहू, लक्ष्मी चंद्राकर उपस्थित थे।



# संकल्प यात्रा में केंद्र की योजनाओं से लोगों को कराया गया अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-भेण्डरी

ग्राम भेण्डरी ओर मोहरेंगा में भारत संकल्प यात्रा पहुंची। जहां केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी,भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर माल्यार्पण के बाद बच्चों द्वारा स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन कर अधिकारियों द्वारा केन्द्र सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान उज्जवला योजना, सहकारी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, महिला बाल विकास विभाग द्वारा स्टाल लगाकर मोदी सरकार के योजना की सराहना की गई। स्वच्छता अभियान,पीएम आवास योजना, सम्मान निधि, किसानों की तकदीर बदलने, मुफ्त खाद्यान्न योजना, आम जनता के लिए बहुत ही कारगर साबित हुआ। कृषि विभाग द्वारा किसानों को जैविक खाद, नैनो यूरिया के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही मृदा परीक्षण के बारे बताया। कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत हितग्राहियों, बिहान समूह की महिलाओं ने प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कुसुमलता-तोषण साहु थी। अध्यक्षता सरपंच प्रीतराम देवांगन ने किया। कार्यक्रम में संगीता धुव्र सरपंच बुड़ेनी, उपसरपंच गोकुल साहू, सेवक राम बांधे उपसरपंच, भाजपा मेघा मण्डल अध्यक्ष होरी लाल साहू, राजेश साहू, डागेश्वर सोनकर आदि मौजूद थे।

# 7 जनवरी को राजिम भक्तिन माता जयंती महोत्सव मनाने युवा प्रकोष्ठ की हुई बैठक

**राजिम।** 7 जनवरी राजिम भक्तिन माता जयंती महोत्सव भव्य रूप से मनाने हेतु युवा प्रकोष्ठ कार्यकारिणी की बैठक राजिम माता परिसर में रखा गया। जिसमें युवाओं को संगठन की जिम्मेदारी के साथ-साथ 7 जनवरी राजिम माता जयंती भव्य रूप से मनाने हेतु निर्देश दिया गया। यह जानकारी देते हुए युवा प्रकोष्ठ द्वारा बताया कि 6 जनवरी को युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा 500 बाइक रैली रायपुर से राजिम आएगी, जिसका स्वागत करने के बाद राजिम नगर भ्रमण कर मंदिर परिसर में समाप्त की जाएगी। बैठक में जिला साहू संघ गरियाबंद के अध्यक्ष नारायण साहू एवं कोषाध्यक्ष घनश्याम साहू उपस्थित थे। इस बैठक में ओंकार साहू एवं राजिम नगर पंचायत के उपाध्यक्ष कुलेश्वर साहू को जिला साहू संघ गरियाबंद के उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। युवा प्रकोष्ठ संयोजक अनुशासन साहू, हरीश साहू द्वारा युवा प्रकोष्ठ के नए पदाधिकारी जिसमें चंद्रहास साहू , युवराज साहू, मनोज साहू राजेंद्र साहू, मुकेश साहू ,जितेन साहू, मेघराज साहू, मनीष साहू, अशोक साहू, देवेंद्र साहू, दीपांशु साहू, शुभम साहू, आशीष साहू, जितेंद्र साहू, बादल साहू, मनीष साहू , बेनीशंकर साहू, हीरालाल साहू, डीकेश साहू, रमेश साहू, टुकेश्वर साहू, जितेन साहू, इंद्रकुमार साहू, आदित्य साहू, लिकेश्वर साहू, पवन साहू एवं गणेश साहू को संगठन मंत्री एवं संयुक्त सचिव के पद पर मनोनयन किया गया। राजिम माता परिसर में युवा प्रकोष्ठ संयोजक अनुशासन साहू द्वारा शपथ दिलाकर समाज सेवा में सहयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जिला साहू संघ गरियाबंद के अध्यक्ष नारायण साहू, कोषाध्यक्ष घनश्याम साहू, उपाध्यक्ष रिकेश साहू, अनुशासन साहू, हरीश साहू, बादल साहू उपस्थित थे।









# अक्षत कलश का वितरण नवापारा शहर सहित 10 गांवों में किया गया



**नवापारा-राजिम।** श्री राम जन्मभूमि आयोध्या से आये अक्षत कलश का नगर के 21 वार्डों सहित आसपास के 10 गांवों में अक्षत कलश का वितरण किया। जिसमें नगर सहित विभिन्न ग्रामो के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ राजेन्द्र गदिया, भगवताचार्य ब्रम्हदत्त शास्त्री, अशोक गंगवाल, किशन सांखला,कार्यक्रम के संयोजक परदेशी राम साहू,दयालु राम गाड़ा, भूपेंद्र सोनी, नागेंद्र वर्मा,संजय साहू,किशोर देवांगन, ओमकुमारी साहू,धनमती साहू,अन्नपूर्णा देवांगन,साधना सौरज, नवल साहू,टिंकू सोनी,धीरज साहू,मुकेश निषाद,कैलाश तिवारी, वीरेंद्र साहू,ईश्वरी देवांगन,होरी साहू,नीता धीवर,संतोषी कंसारी,सोहेंद्र साहू ,बाबी चावला, मयाराम साहू, रवि साहू, मधु बाफना,विजय रात्रे, गोवर्धन तारक शामिल थे। अतिथियों ने बताया कि वितरण किये गए कलशों को ले जाकर अपने ग्राम तथा वार्ड के मंदिरों में विराजित किया जाएगा। 1 जनवरी से 15 जनवरी के बीच ग्राम तथा वार्डो के प्रत्येक घर में आमंत्रण स्वरूप अक्षत तथा पत्रक का वितरण किया जाएगा।

### 13 ग्रामों के लिए अक्षत कलश का हुआ वितरण



**फिंगेश्वर।** गुरूवार को ग्राम बोरसी में राम जानकी मंदिर में अयोध्या से आए अक्षत कलश का वितरण किरवई मंडल के ग्राम बोरसी, बिनोरी, पुरैना, किरवई, कोमा, धमनी, अरंड, कुम्ही, सेम्हरतरा, पिपरछेड़ी, पितईबंद, रावण, बकली ग्राम को वितरण कर शोभायात्रा निकालकर बजरंग बली मंदिर से बजरंग चौक बोरसी बस स्टैंड तक ले जाकर अक्षत कलश संबंधित ग्राम के ग्रामीणों को वितरण कर रवाना किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप में बोधन राम साहू, हुमन साहू, प्रकाश साहू, विष्णु साहू, तुषार कदम, मुकेश साहू, सुरेश साहू, खुमन साहू, रामप्रसाद साहू, संतराम, किसलाल, बलिराम साहू, रमेश साहू, शीतल साहू, हुकुम लाल सिंह, शकुन साहू, घुरुवा निषाद, प्रमिला साहू, कुमारी साहू, प्रभा यादव सहित बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी लोग उपस्थित थे।